# कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।

(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)

दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo.jamshedpur@gmail.com


जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक: 2631 / जमशेदपुर दिनांक: 09/6/2017

सेवा में,

श्री मनोज कुमार,
उप–महाप्रबंधक (खान),
जादूगोड़ा माईनिंग लीज,
पो०– जादूगोड़ा, पूर्वी सिंहभूम।

विषय :– मेसर्स यू०सी०आई०एल०, जादूगोड़ा माईनिंग लीज का जमशेदपुर वन प्रमंडल अन्तर्गत मौजा–इचड़ा, मेचुआ एवं भाटीन में 33.743 हे० सतही एवं 100.681 हे० भूमिगत कुल 134.424 हे० वन भूमि अपयोजन का नवीकरण का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र संख्या F.No. 8-01/2016-FC दिनांक 11.05.2017 तदनुसार इस कार्यालय का पत्राक 2352 दिनांक 23.05.2017 एवं आपका पत्रांक UCIL/DGM(MINE)JAD/FC-2 दिनांक 26.05.2017

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या F.No. 8-01/2016-FC दिनांक 11.05.2017 द्वारा कतिपय शर्तों के साथ विषयक परियोजना हेतु 33.743 हे० सतही एवं 100.681 हे० भूमिगत कुल 134.424 हे० वनभूमि अपयोजन के नवीकरण के प्रथम स्टेज की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

भारत सरकार द्वारा वनभूमि अपयोजन की प्रथम स्टेज की स्वीकृति के आलोक में निर्धारित शर्तों यथा शर्त संख्या III एवं IV का अनुपालानार्थ एन०पी०वी० एवं पेनल एन०पी०वी० राशि वसूलनीय है।

1. एन०पी०वी० राशि की गणना प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या 3068 दिनांक 25.08.2008 के दिशा निर्देश के आलोक में की गयी है। संबंधित पत्र के अनुसार प्रस्तावित स्थल इको क्लास III के अन्तर्गत आता है।

(क) अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि का रकवा – 33.743 हे० सतही
– 100.681 हे० भूमिगत

कुल – 134.424 हे०

(ख) इको क्लास III

(ग) अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि घनत्व – 0.6

(घ) इको क्लास एवं घनत्व के अनुसार सतही वनभूमि पर एन०पी०वी० का दर 803000/– प्रति हे०।

## एन०पी०वी० गणना

1. शर्त संख्या III के अनुपालन हेतु एन०पी०वी० राशि की गणना निम्नवत है :–

सतही वनभूमि – 33.743 हे० X @ 803000/- प्र०हे० = 27095629.00

भूमिगत वनभूमि – 100.681 हे०.......................................... = 0.00

कुल = 27095629.00

2. शर्त संख्या IV के अनुपालन हेतु पैनल एन०पी०वी० राशि की गणना निम्नवत है :--

सतही वनभूमि – 33.743 हे० X @ 803000/- प्र०हे० = 27095629.00

भूमिगत वनभूमि – 100.681 हे०.......................................... = 0.00

कुल = 27095629.00

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित शर्त के अनुपालन में आपके द्वारा संलग्न आई०आई०टी०–आई०एस०एम०, धनबाद का स्टडी प्रतिवेदन जिसके अनुसार खनन प्रक्रिया Surface strain predicted by 3-D Subsidence Prediction model Less than 0.05mm/m है तथा भारत सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या F.No. 5-3/2011 FC दिनांक 16.03.2016 में दिये गये निर्देश जिसमें यह उल्लेखित है कि Surface strain predicted by 3- D Subsidence Prediction model up to 0.05mm/m हो तो भूमिगत खनन हेतु एन०पी०वी० वसूलनीय दर शून्य होगी। उक्त आलोक में वर्तमान में 100.681 हे० भूमिगत वनभूमि हेतु एन०पी०वी० एवं पैनल एन०पी०वी० राशि की मांग नहीं की जा रही है। भविष्य में उच्चाधिकारियों से इस संबंध में कोई दिशा निर्देश प्राप्त होगा तो एन०पी०वी० की अतिरिक्त राशि वसूलनीय होगी।

अतः आप से अनुरोध है कि शर्त संख्या III एवं IV के अनुपालन के क्रम में वांछित राशि क्रमशः 27095629/– एवं 27095629/– रू० अलग–अलग निम्न बैंकों में से किसी एक बैंक के CAMPA खाता में आर०टी०जी०एस० द्वारा स्थान्तरित कर प्रमाण स्वरूप आवश्यक अभिलेख यथा पावती रसीद समर्पित किया जाय।

1. SB A/c No, SBO1025212 कारपोरेशन बैंक, सी०जी०ओ० कॉम्प्लेक्स फेज I लोधी रोड, नई दिल्ली जिसका IFSC Code CORP0000371 है।
2. SB A/c No, 344902010105420 यूनियन बैंक, ऑफ इण्डिया, सुन्दर नगर, नई दिल्ली – 110003 जिसका IFSC Code UBIN0534498 है।

आपका विश्वासी,

09/06/17

वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर